हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, बुधवार 8 जुलाई 2026

11 बीएलए और बीएलओ की संयुक्त बैठक समय पर...



12 कनीना-महेंद्रगढ़ स्टेट हाईवे 18 किलोमीटर...









## खबर संक्षेप

### दीवान कालोनी में बंदरों ने महिला को काटा

**महेंद्रगढ़।** दीवान कॉलोनी रेलवे रोड में मंगलवार सुबह बंदरों के झुंड ने एक महिला को काटकर घायल कर दिया। बंदरों ने बबली तंवर को काट खाया और घायल कर दिया। महिला पर अनेक बंदर चिपट गए उसकों हाथों पैरों में अनेक जगहों से काट खाया। खून ज्यादा बहनें लगा उनकों तुरंत सरकारी अस्पताल पहुंचाकर दाखिल करवाया। अस्पताल के डाक्टरों ने उनका इलाज किया।

### मारपीट मामले में आरोपित गिरफ्तार

**कनीना।** गांव धनौंदा में घर में घुसकर लाठी-डंडों से मारपीट करने के मामले में पुलिस ने एक और आरोपित को काबू किया है। जिसकी पहचान महेश निवासी संजरवास जिला चरखी-दादरी के रूप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता नरेश कुमार ने बताया कि घटना में शामिल छह आरोपितों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

### 52 वर्षीय व्यक्ति की हत्या का आरोप

**मंडी अटेली।** गांव तिगरा में पारिवारिक विवाद के चलते एक व्यक्ति की हत्या करने का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान 52 वर्षीय बीरेंद्र पुत्र मनफूल के रूप में हुई है। इस मामले में मृतक के ही बड़े भाई धर्मवीर पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। अटेली थाना में दर्ज मामले में तिगरा निवासी कृष्ण पुत्र सुभाष ने बताया कि वह बहरोड़ की एक कंपनी में कार्यरत है। उसने आरोप लगाया कि उसका बड़ा भाई धर्मवीर नशे का आदी है और अक्सर घर में मारपीट करता था। इसी डर के कारण वह अपने मामा के गांव खापरिया में रहने लगा था। बीती रात्रि उसे सूचना मिली कि धर्मवीर और उसके ताऊ बीरेंद्र के बीच कहासुनी हो गई जो बाद में झगड़े में बदल गई। इस दौरान धर्मवीर ने बीरेंद्र पर हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। उपचार के दौरान बीरेंद्र ने दम तोड़ दिया।

### कंडम घोषित भवन में रोजाना सैकड़ों मरीजों का हो रहा इलाज

# 70 साल पुरानी इमारत की 'टपकती सांसें' पैबंदों के सहारे चल रहा जिला अस्पताल

**बरसात में छतों से टपकता पानी, दीवारों में उगे पौधे बने खतरे की घंटी**

*▶▶ नागरिक अस्पताल का यह भवन वर्ष 1955 में तैयार हुआ था, उस दौर में आधुनिक मानी जाने वाली यह इमारत आज समय के थपेड़ों और उपेक्षा के कारण जर्जर हो चुकी है*

राजकुमार ▶▶ नारनौल

बरसात की हर बूंद के साथ जिला नागरिक अस्पताल की करीब 70 वर्ष पुरानी इमारत अपनी बदहाली की एक नई कहानी बयां कर रही है। जिन छतों के नीचे मरीजों का उपचार होना चाहिए, वहीं से पानी टपक रहा है। जिन दीवारों को लोगों को सुरक्षा देनी चाहिए, उन्हीं में पौधे उग आए हैं और कई स्थानों पर वे अब छोटे-छोटे पेड़ों का रूप लेने लगे हैं।

अलग खबर

सबसे बड़ी विडंबना यह है कि जिस भवन को करीब डेढ़ दशक पहले ही लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) कंडम घोषित कर चुका था, उसी भवन में आज भी चिकित्सक, कर्मचारी और मरीज अपनी जान जोखिम में डालकर दिन-रात गुजार रहे हैं। बरसात शुरू होते ही अस्पताल प्रशासन को सबसे बड़ी चिंता छतों से होने वाले रिसाव की सताने लगी है। कई कमरों और वार्डों में पानी टपकने की समस्या सामने आने पर अब आनन-फानन में छत की वाटरप्रूफिंग कराई जा रही है।



नारनौल। छत पर वाटरप्रूफिंग का कार्य करते मजदूर एवं मिस्त्री। फोटो: हरिभूमि

#### यह कहते हैं चिकित्साधिकारी

*पुराना अस्पताल भवन काफी जर्जर हो चुका है और इसे पहले ही कंडम घोषित किया जा चुका है। पुराने रिकॉर्ड में पीडब्ल्यूडी का प्रमाण पत्र तलाशने का प्रयास किया जा रहा है। फिलहाल बरसात के दौरान छत से पानी का रिसाव रोकने के लिए वाटरप्रूफिंग का कार्य कराया जा रहा है, ताकि मरीजों और स्टाफ को परेशानी कम हो।*
*-डॉ. विजय डबास, उपचिकित्सा अधीक्षक, नागरिक अस्पताल, नारनौल*

#### मरीजों से ज्यादा 'बीमार' अस्पताल की इमारत

- वर्ष 1955 में बना था वर्तमान भवन।
- करीब डेढ़ दशक पहले पीडब्ल्यूडी ने किया था कंडम घोषित।
- बरसात में कई जगहों से टपकती हैं छतें।
- दीवारों में उग आए हैं पौधे और पेड़।
- कई बार गिर चुका है प्लास्टर।
- चिकित्सक और कर्मचारी भय के साये में कर रहे हैं ड्यूटी।

#### नया अस्पताल कब देगा राहत?

| | |
|---|---|
| *प्रस्तावित क्षमता :* | 200 बेड |
| *भवन :* | सात मंजिला |
| *निर्माण शुरू :* | वर्ष 2019 |
| *वर्तमान स्थिति :* | निर्माण अधूरा |

*सवाल :* आखिर मरीजों को आधुनिक अस्पताल कब मिलेगा?

#### टाइलें लगाकर रोका जा रहा रिसाव

इन दिनों अस्पताल की छत पर मजदूर और मिस्त्री लगातार काम कर रहे हैं। पहले पूरी छत पर पॉलीथीन की कई परत वाली तिरपाल बिछाई जा रही है। इसके ऊपर सीमेंट का मसाला डालकर टाइलें लगाई जा रही हैं, ताकि बरसाती पानी का रिसाव कुछ हद तक रोका जा सके। फिलहाल छत पर चारों ओर रेत फैली हुई है और पाइप लाइनों का जाल बिछा दिखाई देता है। कई जगह पानी की पाइपलाइन से लगातार रिसाव भी हो रहा है, जिससे छत और दीवारों की हालत लगातार बिगड़ रही है।

#### कंडम घोषित भवन, प्रमाण पत्र ही गायब

हैरानी की बात यह है कि अस्पताल प्रशासन के पास उस कंडम घोषित भवन का आधिकारिक प्रमाण पत्र तक उपलब्ध नहीं है। बताया जाता है कि पीडब्ल्यूडी ने वर्षों पहले इस भवन को असुरक्षित घोषित कर दिया था और इसे गिराकर नया भवन बनाने की योजना भी बनी थी, लेकिन समय बीतता गया और योजना फाइलों से आगे नहीं बढ़ सकी। अब अस्पताल प्रशासन पुराने रिकॉर्ड में उस प्रमाण पत्र को तलाशने में जुटा है।

#### 90 लाख खर्च हुए नहीं बदली तस्वीर

करीब छह माह पहले मुख्यमंत्री नवीनीकरण योजना के तहत इस भवन के सौंदर्यीकरण और मरम्मत का कार्य शुरू किया गया था। उद्देश्य था कि अस्पताल को निजी अस्पतालों जैसी सुविधाओं वाला स्वरूप दिया जाए। इसके लिए करीब 90 लाख रुपये का बजट स्वीकृत हुआ, लेकिन राशि कम पड़ने के कारण काम बीच में ही रोकना पड़ा। अब बरसात शुरू होते ही छतों के रिसाव ने फिर अस्पताल की वास्तविक स्थिति उजागर कर दी है।

#### 2019 से अधूरा पड़ा 200 बेड का नया अस्पताल

यहां गौर करने वाली बात यह है कि नारनौल को राहत देने के लिए सात मंजिला 200 बेड का आधुनिक अस्पताल भवन प्रस्तावित किया गया था। वर्ष 2019 में इसका निर्माण कार्य भी शुरू हुआ, लेकिन विभिन्न विवादों के कारण यह परियोजना अधूरी रह गई। यदि यह भवन समय पर तैयार हो जाता तो आज मरीजों और चिकित्सकों को जर्जर भवन में काम करने की मजबूरी नहीं होती।

### जिला के ग्रामीण क्षेत्रों में खुलेंगे 12 नए उप-स्वास्थ्य केंद्र

**नारनौल।** जिले को 12 नए स्वास्थ्य संस्थानों की एक बड़ी सौगात मिली है। स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने बताया कि सीएम ने महेंद्रगढ़ के विभिन्न गांवों में 12 नए उप-स्वास्थ्य केंद्र स्थापित करने को मंजूरी दे दी है। इसके साथ ही क्षेत्र के गांव रामबास (ढाणा) में पहले से चल रहे उप-स्वास्थ्य केंद्र को अपग्रेड करके अब प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) का दर्जा दे दिया गया है। उन्होंने बताया कि रामबास में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना होने से अब वहां के निवासियों को ओपीडी, प्राथमिक उपचार, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाएं और नियमित टीकाकरण जैसी आवश्यक सुविधाएं गांव में ही उपलब्ध हो सकेंगी। इससे न केवल मरीजों के समय की बचत होगी, बल्कि उन्हें आर्थिक रूप से भी राहत मिलेगी। इसके अतिरिक्त जिले के छापड़ा सलीमपुर, कनीना, छिलरो, मुंडियाखेड़ा, भड़फ, मोरुंड, नायन, राय मलिकपुर, मूसनोता, चंदपुरा, नांगल नूनिया व सेका गांवों में नए उप-स्वास्थ्य केंद्र खोले जा रहे हैं।

## अधिकारियों और कर्मचारियों को हर हाल में भरनी होगी 'प्रॉपर्टी रिटर्न'

*▶▶ शिक्षा विभाग की सख्त चेतावनी : पत्र में मामले की गंभीरता को देखते हुए इसे 'उच्च प्राथमिकता' देने को कहा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

हरियाणा के मौलिक शिक्षा निदेशालय ने प्रदेश के डीईईओ को एक अत्यंत महत्वपूर्ण और 'तत्काल' श्रेणी का स्मरण पत्र जारी किया है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि सरकारी अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए अपनी वार्षिक प्रॉपर्टी रिटर्न ऑनलाइन जमा करना अनिवार्य है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### क्या है मामला?

निदेशालय द्वारा जारी तीसरे स्मरण पत्र में सभी जिला अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है कि उनके अधीन आने वाले श्रेणी-प्रथम, द्वितीय और तृतीय के सभी सरकारी कर्मचारी अनिवार्य रूप से वर्ष 2025-2026 की प्रॉपर्टी रिटर्न भरें। साथ ही जिन कर्मचारियों ने पिछले वर्षों की संपत्ति का विवरण अब तक जमा नहीं किया है, उन्हें भी प्राथमिकता के आधार पर इसे पूरा करने को कहा गया है। विभाग ने

#### निदेशालय ने मांगा अनुपालन प्रमाण पत्र

निदेशालय ने जिला मौलिक शिक्षा अधिकारियों को यह आदेश दिया है कि वे केवल निर्देश ही जारी न करें, बल्कि यह भी सुनिश्चित करें कि उनके अधीन कार्यरत किसी भी अधिकारी या कर्मचारी की प्रॉपर्टी रिटर्न पेंडिंग न रहे। विभाग ने एक कदम आगे बढ़ते हुए संबंधित जिला अधिकारियों से इस बात का प्रमाण पत्र भी मांगा है कि उनके अधिकार क्षेत्र में सभी कर्मचारियों ने ऑनलाइन प्रॉपर्टी रिटर्न की प्रक्रिया पूरी कर ली है।

#### उच्च प्राथमिकता के निर्देश

पत्र में मामले की गंभीरता को देखते हुए इसे 'उच्च प्राथमिकता' देने को कहा गया है। विभाग का यह कदम सरकारी कामकाज में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उठाया गया है। विभागीय चेतावनी के बाद सभी जिलों में हलचल तेज हो गई है, और संबंधित अधिकारियों ने अपने-अपने कार्यालयों में इसे लेकर प्रक्रिया शुरू कर दी है।

प्रॉपर्टी रिटर्न जमा करने के लिए आधिकारिक वेबसाइट निर्धारित की है। सभी कर्मियों को अपना विवरण इसी पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन दर्ज करना होगा।

## सड़क हादसे में व्यक्ति की मौत

**महेंद्रगढ़।** पिकअप की टक्कर से एक व्यक्ति की मौत हो गई। यह हादसा चामधेड़ा रोड पर सूरज गार्डन मैरिज प्लेस के पास हुआ। मृतक की पहचान 37 वर्षीय मनीष के रूप में हुई है, जो दो बच्चों का पिता था। शहर थाना पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है और मामले की जांच कर रही है। मृतक मनीष के भाई कुलदीप ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि मनीष हलवाइयों के साथ काम करता था। वह शादीशुदा था और उसके दो बच्चे हैं, जिनमें एक छह साल की बेटी और एक तीन साल का बेटा शामिल है। मनीष रोजाना अपने पैरालाइज्ड पिता की सब्जी की दुकान लगाने में मदद करता था। मंगलवार सुबह भी मनीष अपने पिता की सब्जी की रेहड़ी लगाकर घर लौट रहा था। रास्ते में उसकी बाइक खराब हो गई, जिसके बाद वह बाइक को पैदल ही धकेलते हुए आ रहा था। चामधेड़ा रोड पर सूरज गार्डन मैरिज प्लेस के पास एक प्लॉट से तेज गति से आ रही पिकअप ने मनीष और उसकी बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में मनीष के सिर में गंभीर अंदरूनी चोटें आईं। हादसे के वक्त मनीष के चाचा दिनेश सैनी और दो अन्य व्यक्ति भी वहां मौजूद थे। तीनों ने मिलकर मनीष को उसी पिकअप वाहन में डालकर नागरिक अस्पताल पहुंचाया। हालांकि, पिकअप चालक अस्पताल पहुंचने के बाद मौके से फरार हो गया। कुलदीप ने पुलिस से आरोपी पिकअप ड्राइवर के खिलाफ लापरवाही और तेज गति से वाहन चलाने के आरोप में कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

## कनीना में गोशाला के सामने नपा की 5 एकड़ भूमि पर बनेगा आधुनिक खेल स्टेडियम

*▶▶ नशा छोड़ो, खेल मैदान से नाता जोड़ो अभियान से युवाओं को खेलों में मिलेगा प्रोत्साहन*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कनीना

कनीना क्षेत्र के युवाओं और खेल जगत से जुड़े खिलाड़ियों के लिए एक बेहद उत्साहजनक और सकारात्मक खबर सामने आई है। लंबे समय से खेल के मैदान और उचित सुविधाओं की कमी का सामना कर रही खेल प्रतिभाओं को जल्द ही एक आधुनिक खेल स्टेडियम की बड़ी सौगात मिलने जा रही है। नगर पालिका कनीना ने युवाओं के उज्ज्वल भविष्य को संवारने और क्षेत्र में खेल संस्कृति को मजबूती से बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। नपा कार्यालय में आयोजित सदन की बैठक में इस बहुप्रतीक्षित प्रोजेक्ट को हरी झंडी दे दी गई।

बैठक के दौरान सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि गोशाला के सामने स्थित नगर पालिका की पांच एकड़ भूमि का सदुपयोग एक सर्वसुविधायुक्त और आधुनिक खेल स्टेडियम के निर्माण के लिए किया जाएगा। इस प्रस्ताव के सदन में सर्वसम्मति से पारित होने पर क्षेत्र के युवाओं और खिलाड़ियों में भारी खुशी की लहर दौड़ गई है। नगर पालिका अध्यक्षा डॉ. रिम्पी लोढ़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान समय में कनीना और इसके आस-पास के क्षेत्रों के अनेक युवा खेलों में गहरी रूचि रखते हैं। प्रदेश सरकार भी युवाओं को नशे से दूर रहकर खेलों में दिलचस्पी लेने के लिए प्रतिबद्ध है, लेकिन नियमित अभ्यास के लिए उचित और पर्याप्त खेल सुविधाएं उपलब्ध न होने के कारण उनकी प्रतिभा पूरी तरह से निखर नहीं पाती है। डॉ. लोढ़ा ने कहा कि इस स्टेडियम के बनने से खिलाड़ियों को फायदा होगा। वे आने वाले समय में जिला, राज्य तथा राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिताओं में अपनी श्रेष्ठ प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकेंगे।

#### स्वीकृति के लिए भेजा जाएगा प्रस्ताव

प्रस्ताव को प्रशासनिक और अंतिम स्वीकृति के लिए जिला नगर आयुक्त कार्यालय भेजा जाएगा। जैसे ही वहां से स्वीकृति प्राप्त होगी, वैसे ही नियमानुसार स्टेडियम निर्माण की कार्रवाई प्रारंभ कर दी जाएगी। इस मौके पर नपा सचिव कपिल कुमार, लेखाकार मनोज कुमार, एमई दिनेश कुमार, जेई राकेश कुमार सहित नगर पार्षद उपस्थित थे।

### मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए की तैयारियों की समीक्षा

## प्रधानमंत्री 17 जुलाई को करेंगे कोरियावास मेडिकल कॉलेज का वर्चुअल उद्घाटन

**डीसी ने लिया कार्यक्रम स्थल का जायजा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जींद में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय समारोह से वर्चुअल माध्यम से जिला महेंद्रगढ़ के नारनौल शहर के नजदीक स्थित नवनिर्मित महर्षि च्यवन मेडिकल कॉलेज व राव तुलाराम अस्पताल कोरियावास का विधिवत उद्घाटन करेंगे। इसी सिलसिले में मंगलवार को प्रदेश के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने उपायुक्त अनुपमा अंजली के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बैठक की तथा व्यवस्थाओं की समीक्षा की।

मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि इस ऐतिहासिक कार्यक्रम का आयोजन गरिमामय तरीके से सुनिश्चित किया जाए। दक्षिण हरियाणा के इस महत्वाकांक्षी और बहुप्रतीक्षित स्वास्थ्य प्रोजेक्ट के लोकार्पण को लेकर अभी से प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां शुरू कर दें। मुख्य सचिव के साथ हुई इस बैठक के बाद उपायुक्त अनुपमा अंजली तथा पुलिस अधीक्षक दीपक ने कोरियावास स्थित मेडिकल कॉलेज परिसर का दौरा किया और वहां चल रही सभी तैयारियों का बारीकी से निरीक्षण किया। इस मौके पर एसडीएम अनिरुद्ध यादव, आरटीए मनोज कुमार, सीटीएम डॉ. मंगल सेन के अलावा अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।




नारनौल। कोरियावास स्थित मेडिकल कॉलेज परिसर का दौरा करती डीसी अनुपमा अंजली। फोटो: हरिभूमि

#### अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

उपायुक्त ने आयोजन स्थल पर सुरक्षा, लोगों के बैठने की व्यवस्था व तकनीकी प्रबंधों का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त ने बताया कि जींद में होने वाले मुख्य समारोह से जुड़ने के लिए कोरियावास में जिला स्तरीय भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यहां एक विशाल एलईडी स्क्रीन स्थापित की जाएगी। इस स्क्रीन के माध्यम से जिलावासी और गणमान्य नागरिक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किए जाने वाले इस वर्चुअल उद्घाटन के ऐतिहासिक क्षणों के गवाह बनेंगे। इसके साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित आमजन को प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के संबोधन को भी लाइव सुनने का अवसर मिलेगा। मेडिकल कॉलेज के निदेशक डॉ. बिजेंद्र सिंह ने मेडिकल कालेज में दी जा रही सुविधाओं के बारे में बताया।



# नए सितारों से सजी 'रहूं मैं तेरे रूबरू' का ट्रेलर जारी...

**मुंबई।** फिल्म 'रहूं मैं तेरे रूबरू' का ट्रेलर सामने आ चुका है। इसमें सस्पेंस है, थ्रिल है और एक्शन भी है। मर्डर मिस्ट्री और लव ट्रायएंगल सहित इस फिल्म में कई दिलचस्प ट्विस्ट हैं। इस फिल्म में आर्य कुमार, नीता शेट्टी और पीहू बिस्वास जैसे नए कलाकार अहम भूमिकाओं में हैं। फिल्म 'रहूं मैं तेरे रूबरू' का निर्देशन इंद्र दास ने किया है। इसे एसएस एंटरटेनमेंट वर्ल्ड के बैनर तले सुमन सौरभ ने प्रोड्यूस किया है। रहूं मैं तेरे रूबरू' 17 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। मंगलवार को रिलीज हुए इस फिल्म के ट्रेलर में आज की तकनीक और इंटरनेट की दुनिया के जीवन पर हो रहे नकारात्मक असर को दिखाने की भी कोशिश की गई है।

लाइफ Style



# कृति
## मैंने करवा लिए एग्ज फ्रीज

एक्टर कृति सेनन ने बताया है कि उन्होंने अपनी फिल्म 'मिमी' की तैयारी के दौरान अपने एग्स फ्रीज करवाने का फैसला किया था। उन्होंने इसे अपने लिए लिए गए 'सबसे समझदारी भरे' फैसलों में से एक बताया है।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

हाल ही में हुए एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि यह फैसला फिल्म के लिए उनके फिजिकल ट्रांसफॉर्मेशन (शारीरिक बदलाव) के समय के साथ मेल खाता था, इसलिए यह प्रोसेस करवाने का यह सबसे सही मौका था। 35 साल की एक्ट्रेस ने बताया कि एग फ्रीजिंग से अक्सर ब्लोटिंग (पेट फूलना) और हार्मोनल बदलाव होते हैं। चूंकि उन्हें 'मिमी' फिल्म में अपने रोल के लिए वजन बढ़ाना था, इसलिए उन्हें लगा कि यही सही समय है जब वे यह प्रोसेस करवा सकती हैं। उन्होंने कहा, 'मैंने एक व्यक्ति से बात की थी, जिन्होंने मुझे बताया कि अगर आप कर सकती हैं, तो यह आपके लिए सबसे अच्छी चीज है। यह सबसे अच्छा तोहफा है जो आप खुद को दे सकती हैं। यह बात मेरे दिमाग में रही। फिर, जब मुझे वजन बढ़ाने के लिए कहा गया, तो मुझे लगा कि यही सही समय है'। एक्ट्रेस ने इस प्रोसेस के इमोशनल और फिजिकल असर के बारे में भी बात की। उन्होंने बताया कि इस प्रोसेस की वजह से काफी हार्मोनल बदलाव हुए और इसे करवाते समय उन्हें कई तरह की भावनाएं महसूस हुईं। एक्ट्रेस ने बताया कि उनका मानना है कि जिंदगी के बड़े फैसले समाज की उम्मीदों के बजाय अपनी निजी तैयारी के आधार पर लिए जाने चाहिए।

हॉलीवुड मसाला



# पार्टी रॉक एंथम के लिए थीं मशहूर

**लॉस एंजिल्स।** ब्रिटिश सिंगर लॉरेन बेनेट का 37 साल की उम्र में निधन हो गया है। वह 'पार्टी रॉक एंथम' में अपनी परफॉर्मेंस और जीएलआर की फाउंडिंग मेंबर के तौर पर जानी जाती थीं। उनके बैंड के साथियों ने एक भावुक बयान में उनके निधन की पुष्टि की। बैंड ने उनके जीवन व योगदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी है। लॉरेन बेनेट ने अपने म्यूजिक करियर की शुरुआत 2006 में यूनाइटेड किंगडम में 'द एक्स फैक्टर' के तीसरे सीजन से की थी।



# ताज जीतने के 50 साल पूरे, मनाया जश्न

**नई दिल्ली।** पूर्व ब्यूटी क्वीन नफीसा अली ने मिस इंडिया का ताज जीतने के 50 साल पूरे होने की खुशी मनाई है। इस खुशी में नफीसा ने सोशल मीडिया पर कई पुरानी तस्वीरें साझा की हैं और इसके साथ ही एक खास नोट भी लिखा है। नफीसा ने इंस्टाग्राम पर अपनी कई पुरीनी तस्वीरें साझा की हैं। इन तस्वीरों के साथ नफीसा ने कैप्शन में लिखा, '50 साल पहले मुझे 'मिस इंडिया' का ताज पहनाया गया था।' उन्होंने 1976 में यह खिताब जीता था। इसके बाद उन्होंने टोक्यो में हुए 'मिस इंटरनेशनल 1976' कॉम्पिटिशन में भारत का नाम रोशन किया था और वहां वह सेकंड रनर-अप रही थीं। 69 साल की नफीसा अली ने 2018 में स्टेज 3 के पेट और ओवरी के कैंसर से जंग लड़ी और उसे हराया। अप्रैल 2026 में उन्होंने अपनी सर्जरी के निशान और कीमोथेरेपी की बातें भी फैंस के साथ साझा की थीं।



# इंसानों व कुत्तों के बीच रिश्ते की कहानी

**मुंबई।** अमित राय अपनी अगली फिल्म 'ओह माय डॉग' लेकर आ रहे हैं। इससे पहले उन्होंने 'ओह माय गॉड 2' का निर्देशन किया था। उनकी नई फिल्म का टीजर रिलीज हो गया है। टीजर में इंसानों और कुत्तों के बीच बिना शर्त प्यार और वफादारी की एक कहानी की झलक दिखती है। टीजर की शुरुआत अमिताभ बच्चन के मशहूर गाने 'मेरे पास आओ मेरे दोस्तों, एक किस्सा सुनो' से होती है, जो तुरंत पुरानी यादें ताजा कर देता है। साथ ही कहानी की मासूमियत, अपनापन और इमोशनल गहराई को खूबसूरती से दिखाता है। यह फिल्म 31 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म 'ओह माय डॉग' में माही राय, पंकज त्रिपाठी, गीता अग्रवाल शर्मा, राजेश कुमार, पवन मल्होत्रा, सुलक्षणा बरुआ और विजय मिश्रा नजर आएंगे।



# लंदन इंडियन फिल्म फेस्टिवल में दिखाई जाएगी 52 ब्लू...

**नई दिल्ली।** एक्ट्रेस नेहा धूपिया अपनी पहली इंटरनेशनल फीचर फिल्म '52 ब्लू' के प्रीमियर के लिए तैयार हैं। यह फिल्म मशहूर लंदन इंडियन फिल्म फेस्टिवल का हिस्सा है। इसका यूरोपियन प्रीमियर 9 जुलाई को बीएफआई साउथबैंक में होगा। नेहा की शानदार परफॉर्मेंस के लिए फिल्म को पॉजिटिव फीडबैक मिला है। दर्शकों और रिव्यूअर्स, दोनों ने ही फिल्म की इमोशनल गहराई की तारीफ की है, जिससे '52 ब्लू' इस साल फेस्टिवल की सबसे ज्यादा इंतजार की जाने वाली स्क्रीनिंग में से एक बन गई है। नेहा धूपिया ने इस खास पल के बारे में बात करते हुए अपना उत्साह जाहिर किया। उन्होंने कहा ''52 ब्लू' मेरे लिए हमेशा एक बेहद खास फिल्म रहेगी क्योंकि यह मेरा पहला इंटरनेशनल प्रोजेक्ट है।

टीवी मसाला



# पति के 10 अफेयर हों तो भी उन्हें कभी नहीं छोड़ूंगी : सुनीता

**नई दिल्ली।** मशहूर बॉलीवुड अभिनेता गोविंदा की पत्नी सुनीता आहूजा इन दिनों रियलिटी शो 'लॉक अप सच या सजा' में नजर आ रही हैं और साथ ही अपने बयानों से जमकर सुर्खियां भी बटोर रही हैं। इसी शो के दौरान सुनीता ने अपने पति गोविंदा को लेकर एक ऐसी बात कही है, जिसे सुनकर इस शो के होस्ट फराह खान और रितेश देशमुख भी दंग रह गए। उन्होंने कहा है कि चाहे उनके पति गोविंदा के दस महिलाओं के साथ संबंध ही क्यों न हों, वह उन्हें कभी नहीं छोड़ेंगी। सुनीता ने यह बात नेटफ्लिक्स के रियलिटी शो 'लॉक अप सच या सजा' में कही, जिसे फराह खान और रितेश देशमुख होस्ट कर रहे हैं। इस शो में वाइल्डकार्ड एंट्री के तौर पर आईं अभिनेत्री शिल्पा शिंदे ने सुनीता के उन पुराने बयानों पर बात की। इस पर सुनीता भड़क गईं और उन्होंने शिल्पा से कहा कि लोगों को पहले उनकी जगह रहकर देखना चाहिए, उसके बाद ही कोई राय बनानी चाहिए। सुनीता ने कहा, 'जब यह सब आपके साथ होगा, तब आपको समझ आएगा कि मैं किस दौर से गुजरी हूं। यह मेरी जिंदगी है और मैं जो चाहूंगी, वही करूंगी।' उन्होंने आगे कहा, 'गोविंदा मेरा पति है, अगर वह 10 जगह भी अफेयर करेंगे, तो भी मैं उसे नहीं छोड़ूंगी। मैं अपनी आखिरी सांस तक उससे प्यार करूंगी।' बाद में सुनीता ने शो के दूसरे कंटेस्टेंट राम कपूर से भी शिल्पा शिंदे की शिकायत की। उन्होंने गुस्से में कहा, 'शिल्पा मुझे उकसा रही है।

## शिवांगी को रोता देख आग-बबूला हुए हर्षद

**नई दिल्ली।** शो 'लॉकअप 2' इन दिनों झगड़ा, विवादों की वजह से चर्चा में है। इस रियलिटी शो में हाल ही में एक बड़ा हंगामा हुआ। इंफ्लुएंसर श्रेया कालरा की वजह से एक्ट्रेस शिवांगी जोशी फूट-फूटकर रोईं। शिवांगी को ऐसे देखकर उनके दोस्त और पुराने को-एक्टर हर्षद चोपड़ा का पारा चढ़ गया। हर्षद श्रेया से लड़ने के लिए शो में दौड़ पड़े थे। 'लॉकअप 2' के वायरल वीडियो में हर्षद चोपड़ा के सामने शिवांगी रो रही हैं। वह बताती हैं कि उन्होंने श्रेया से सच में पूछा कि क्या उनकी तबियत खराब है। इस पर श्रेया ने शिवांगी के साथ बदतमीजी से बात की। इससे वह दुखी हो गईं और हर्षद चोपड़ा और आकांक्षा चमोला के सामने रोने लगीं। यह देखकर हर्षद गुस्से में श्रेया को तलाशने के लिए दौड़ पड़े। ऐसे में शिवांगी और आकांक्षा ने हर्षद को किसी तरह से रोका। इस दौरान काफी शोर-शराबा हुआ, जिसे सुनकर बाकी प्रतियोगी भी एक जगह पर आ गए।



# आवारापन 2 का पहला गाना जुनून रिलीज
## सुबोध ने दी है आवाज....

**मुंबई।** आवारापन 2 के निर्माताओं ने मंगलवार को इमरान हाशमी की फिल्म का पहला गाना जुनून रिलीज कर दिया है। इस गाने के बोल शहीद कादरी ने लिखे हैं और मिथुन ने कंपोज किया है। इस गाने को गायक सुबोध शर्मा ने गाया है। इस गाने में इमरान हाशमी से लेकर दिशा पाटनी और श्रेया सरन की खास झलक देखने को मिली। फिल्म 'आवारापन 2', 14 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म में इमरान हाशमी और दिशा पटानी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म में श्रेया सरन का भी अहम रोल है। इमरान ने इंस्टाग्राम पर अपने इस गाने को साझा किया और कैप्शन में लिखा, 'इस आवारापन के जुनून में होना है तबाह।' एक यूजर ने लिखा, 'इस गाने की रचना थोड़ी 'सैयारा' से मिलती जुलती लग रहा है' दूसरे यूजर ने लिखा, 'श्रेया सरन के पुराने सींस को देखकर अच्छा लगा।' एक और यूजर ने लिखा, 'आवारापन के गानों की बात ही अलग थी' एक यूजर ने इमरान के लिए लिखा, 'अक्खा बॉलीवुड एक तरफ और इमरान हाशमी एक तरफ'। एक और यूजर ने लिखा, 'शिवम वापस आ गया है'। एक और यूजर ने लिखा, 'इस फिल्म को कोई नहीं रोक सकता, पहले दिन ही हिट हो जाएगी'।



# 1975 में बैन कर दी गई थी फिल्म सिक्किम 1971

**नई दिल्ली।** आज हम आपको बताने जा रहे हैं एक ऐसी डॉक्यूमेंट्री फिल्म के बारे में जिसका काफी ज्यादा ऐतिहासिक महत्व है। यह फिल्म तब बनी जब सिक्किम भारत का हिस्सा भी नहीं था। इसे बनाया था लीजेंडरी फिल्ममेकर सत्यजीत रे ने। इस फिल्म की रिलीज के बाद इस पर विवाद हो गया और भारत सरकार ने इसे बैन कर दिया। लोग इस फिल्म का नाम तक भूल गए थे, लेकिन फिर साल 2010 में इसे फिर से रिलीज किया गया और इस मूवी ने तहलका मचा दिया।

***सत्यजीत रे साहब ने खोल दी पोल :*** बात साल 1971 की है जब सिक्किम के राजा ने उस दौर के आइकॉनिक फिल्ममेकर रहे सत्यजीत रे से विनती की, कि वह उनके ऊपर एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म बनाएं। क्योंकि ,सत्यजीत रे साहब सच्ची और पक्की फिल्ममेकिंग में मानते थे, इसलिए उन्होंने सिक्किम के तत्कालीन राजा के राज्य के बारे में लगभग सब कुछ दिखा डाला। यानि उन्होंने इस डॉक्यूमेंट्री में उनके राज्य की अच्छाइयां और बुराइयां तो दिखाई हीं, साथ ही साथ विदेशी पर्यटकों की हालत और राजसी परिवार और आम लोगों की जिंदगी में कितना फर्क है यह भी दिखाया।



***भारत सरकार ने लगा दिया था बैन :*** कहानी में ट्विस्ट तब आया जब साल 1975 में सिक्किम राज्य भारत का हिस्सा बन गया। सिक्किम 22वें राज्य के तौर पर भारतीय गणराज्य का हिस्सा बना और जब इतना सारा राजनीतिक उठापटक चल रहा था, तो इस बीच सत्यजीत रे की यह डॉक्यूमेंट्री विवादों में घिर गई। सरकार ने इसे बैन कर दिया और लोग मानने लगे कि यह फिल्म पूरी तरह नष्ट कर दी गई है। सरकार ने भी राहत की सांस ली, वक्त बीतता गया और फिर कई दशक बाद ब्रिटिश फिल्म इंस्टीट्यूट को एक डैमेज्ड प्रिंट मिला। इस प्रिंट में क्या था?

### साल 2010 में फिर से हुई रिलीज

इस प्रिंट में सत्यजीत रे की वही डॉक्यूमेंट्री थी, जिसने उस दौर में तहलका मचा दिया था। एकेडमी फिल्म आर्काइव ने दोबारा इस पूरी फिल्म को रीस्टोर किया और फिर साल 2010 में सरकार ने इस पर लगाया गया बैन हटा दिया। यानि अब अगर आप चाहें तो इस डॉक्यूमेंट्री फिल्म को बेधड़क देख सकते हैं। अब सवाल उठता है कि आखिर यह फिल्म थी कौन सी? तो इस डॉक्यूमेंट्री फिल्म का नाम था 'सिक्किम 1971'। इसका टाइटल काफी सीधा सा रखा गया था और लेकिन इसका कॉन्टेंट काफी डीप था।

## पुरुष समाज का दर्द दिल किया है बयां, हर किसी की आंखें कर दी थीं नम
# रफी ने गाया था यह दर्द भरा गीत, कल्ट क्लासिक है 56 साल पुराना गाना

***नई दिल्ली।** सिनेमा जगत के महान गायक के तौर पर आज भी मोहम्मद रफी को जाना जाता है। अपने सुनहरे सिंगिंग करियर के दौरान उन्होंने हर किस्म के गीतों को आवाज दी थी और उन्हें अमर किया था। लेकिन, सैड सॉन्ग के मामले में रफी साहब एक अलग दर्जे के सिंगर के तौर पर पहचाने जाते थे। इसी आधार पर आज हम आपको मोहम्मद रफी द्वारा गाया एक ऐसे कल्ट क्लासिक सैड सॉन्ग के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसे सबसे सर्द भरे गीत के तौर भी जाना जाता है।*

### किसने तैयार किया गाना

बात की जाए फिल्म हीर रांझा के ये दुनिया ये महफिल की मेकिंग की तो मोहम्मद रफी की गायिकी के अलावा इसकी धुनों को मशहूर संगीतकार मदन मोहन अपने धुनों पर तैयार किया था, जबकि इसके लिरिक्स को कैफी आजमी गीतकार ने लिखा था। इस तरह से ये कल्ट क्लासिक सैड सॉन्ग रेडी हुआ था।



### 1970 में रिलीज हुई थी हीर रांझा

जब मोहम्मद रफी सैड सॉन्ग गाते थे, तो मानों ऐसा लगता कि उन्होंने सच में अपने दिल का दर्द आवाज में उतार के रख दिया है। उनकी आवाज से गाने की खूबसूरती और बढ़ जाती थी, जिसे सुनने के बाद दिल और आंखें भरा आती थी। ऐसा ही करिश्मा रफी साहब ने साल 1970 में रिलीज होने वाली फिल्म हीर रांझा के एक गीत के लिए किया था।

### राज कुमार पर फिल्माया गया गाना

जब उन्होंने ये दुनिया ये महफिल... गीत गाया था। अभिनेता राज कुमार पर फिल्माया गया मोहम्मद रफी का ये गाना आज भी बॉलीवुड के बेस्ट एवर सैड सॉन्ग के तौर पर जाना जाता है। इस गाने को सुनने के बाद यकीनन तौर पर आपकी भी आंखें भर आएंगी। कुल मिलाकर कहा जाए तो पुरुष समाज का दर्द दिल बयां करने के लिए रफी साहब के ये दुनिया ये महफिल को जाना जाता है। इस वजह से ये हर किसी का फेवरेट भी माना जाता है। अगर आप भी मोहम्मद रफी के गानों को सुनना पसंद करते हैं तो यकीनन तौर पर आपकी प्लेलिस्ट में ये दर्द भरा गीत जरूर शामिल होगा।

**खबर संक्षेप**

### 102 वर्षीय अमीलाल को नम आंखों से दी श्रद्धांजलि

**महेंद्रगढ़।** गांव खायरा निवासी 102 वर्षीय अमीलाल बोहरा का पिछले दिनों निधन हो गया। उनके निधन पर क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोगों, जनप्रतिनिधियों एवं समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने उनके निवास पर पहुंचकर शोक व्यक्त किया और दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। दिवंगत के पोते मनोज यादव एवं डॉ. कुलदीप यादव ने बताया कि अमीलाल बोहरा गांव के सबसे अधिक आयु वाले बुजुर्ग थे। वे सामाजिक, सरल एवं मिलनसार व्यक्तित्व के धनी थे। अपने व्यवहार और समाज सेवा के कारण वे क्षेत्र में विशेष सम्मान रखते थे। उनके निधन से गांव और क्षेत्र में शोक की लहर है।

### आज विकास कार्यों का निरीक्षण करेंगी आरती राव

**कनीना।** स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव आठ जुलाई को सुबह नौ बजे से कनीना क्षेत्र का दौरा करेंगी। इस दौरान वह क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण करेंगी तथा विभिन्न गांवों में आयोजित धन्यवाद कार्यक्रमों में भाग लेकर स्थानीय नागरिकों से संवाद करेंगी। यह जानकारी देते हुए सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि दौरे का उद्देश्य विकास परियोजनाओं की प्रगति का जायजा लेना तथा जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों से विकास कार्यों की स्थिति की समीक्षा करना है। स्वास्थ्य मंत्री राव तुलाराम पार्क करीरा में आयोजित धन्यवाद कार्यक्रम में शामिल होंगी।

### निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों की विस्तार से जानकारी दी

# बीएलए और बीएलओ की संयुक्त बैठक, समय पर जमा करवाएं प्रपत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चलाए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत 70-नारनौल विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों पर बूथ लेवल एजेंट एवं बूथ लेवल अधिकारी की संयुक्त बैठकों का आयोजन किया गया। निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी एवं एसडीएम अनिरुद्ध यादव के निर्देशन में आयोजित इन बैठकों में सेक्टर 7 के मतदान केंद्र संख्या 47, 57 तथा 70 से 77 तक के बीएलओ एवं विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त बीएलए ने भाग लिया। बैठक में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण, पात्र मतदाताओं का पंजीकरण, आवश्यक संशोधन, मृत एवं स्थानांतरित मतदाताओं के संबंध में निर्धारित प्रक्रिया तथा निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों की विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर एसडीएम एवं निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी अनिरुद्ध यादव ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान लोकतंत्र को और अधिक सशक्त एवं पारदर्शी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।


नारनौल। बैठक में हिस्सा लेते हुए। फोटो : हरिभूमि

**मतदाताओं को करें जागरूक**

एसडीएम ने कहा कि किसी भी पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची से वंचित न रहे और कोई भी अपात्र नाम सूची में शामिल न हो, इसके लिए प्रत्येक नागरिक की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने सभी बीएलए-बीएलओ को निर्देश दिए कि मतदाताओं को जागरूक करें तथा अभियान को निर्धारित समय सीमा में पूरी गंभीरता, निष्पक्षता एवं पारदर्शिता के साथ संपन्न कराएं। सुपरवाइजर डॉ संजय शर्मा ने बताया कि बैठक के दौरान मतदाता सत्यापन, प्रपत्रों की जांच, दस्तावेजों के सत्यापन, फील्ड स्तर पर आने वाली समस्याओं तथा उनके समाधान पर भी विस्तार से चर्चा की गई। उपस्थित सभी बीएलओ एवं बीएलए ने निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप पूरी निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करने का विश्वास दिलाया। निर्वाचन विभाग ने सभी नागरिकों से विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने तथा समय पर अपने प्रपत्र जमा कर लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत बनाने की अपील की है।

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर बीएलओ मदन लाल, धर्मेन्द्र कुमार, आशीष कुमार, सोनम कुमारी, मोनिका जाटीवाल, प्रवीण कुमार, राजेश कुमार, अनुराधा यादव, महेश कुमार, मनोज कुमार था विभिन्न दलों से राजकुमार सैन, संजय सैनी, राजेंद्र और अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## तीन बूथों पर एसआईआर का काम पूरा: योगेश सैनी


महेंद्रगढ़। बूथ पर जानकारी देते हुए। फोटो : हरिभूमि

महेंद्रगढ़। विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचन पंजीयन अधिकारी एव एसडीएम योगेश सैनी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों की अनुपालना करते हुए एक जुलाई को अर्हता तिथि मानकर चल रहे मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण-एसआईआर प्रक्रिया में महेंद्रगढ़ जिला प्रशासन उल्लेखनीय भूमिका निभा रहा है। डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुपमा अंजली के नेतृत्व में सभी ईआरओ-एईआरओ व सुपरवाइजर सहित बीएलओ मतदाताओं से सीधा संपर्क करते हुए गणना प्रपत्रों को भरवाकर एप पर डिजिटाइजेशन कार्य करने में प्रभावी जिम्मेवारी निभा रहे हैं। निर्वाचन पंजीयन अधिकारी ने बताया कि महेंद्रगढ़ विधानभवन के बूथ संख्या 47,48 व 49 के बीएलओ व बीएलए द्वारा एसआईआर का काम पूरा कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि 14 जुलाई तक महेंद्रगढ़ विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं से गणना प्रपण भरवाकर उनका डिजिटाइजेशन कर दिया जाएगा।


नारनौल। राजनीतिक दलों की बैठक लेती डीसी अनुपमा अंजली। फोटो : हरिभूमि

## विशेष सघन पुनरीक्षण कार्य में सहयोग करें: उपायुक्त

- 14 जुलाई तक गणना फॉर्म जमा करवाना सुनिश्चित करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुपमा अंजली ने मंगलवार को लघु सचिवालय के मीटिंग हॉल में विशेष सघन पुनरीक्षण (एसआईआर-2026) को लेकर सभी राजनीतिक दलों की बैठक ली। उन्होंने कहा कि सभी राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) इस कार्य में सहयोग करें तथा 14 जुलाई तक गणना फॉर्म जमा करवाना सुनिश्चित करें। इस संबंध में नागरिकों की सहायता के लिए जिला स्तर पर टोल फ्री नंबर 01282-1950 भी चालू है।

बैठक में उपायुक्त ने जिला महेंद्रगढ़ में चल रहे पुनरीक्षण कार्य की प्रगति रिपोर्ट साझा करते हुए बताया कि जिले में कुल 749607 मतदाता पंजीकृत हैं, जिनमें 392861 पुरुष व 356745 महिला मतदाता शामिल हैं। विधानसभा क्षेत्र अनुसार अटेली में 206876, महेंद्रगढ़ में 213998, नारनौल में 159978 और नांगल चौधरी में 168755 मतदाता हैं। जिले में वर्तमान में कुल 772 पोलिंग स्टेशन हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जिले के सभी 772 बीएलओ घर-घर जाकर फॉर्म वितरण का कार्य कर चुके हैं। अब तक जिले में कुल 746763 इन्यूमेशन फॉर्म (ईएफ) बांटे जा चुके हैं, जो कि कुल लक्ष्य का 99.62 प्रतिशत है।

**बीएलओ का करें सहयोग**

*उपायुक्त ने जिले के सभी नागरिकों से अपील की है कि वे मतदाता सूची को पूरी तरह शुद्ध व त्रुटि रहित बनाने के लिए बीएलओ का पूरा सहयोग करें। नागरिक अपने फॉर्म भरकर जल्द से जल्द अपने क्षेत्र के बीएलओ को वापस सौंपें, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति मतदान के अधिकार से वंचित न रहे। उन्होंने राजनीतिक दलों से आह्वान किया कि भारत निर्वाचन आयोग के नियमों के तहत दावे और आपत्तियां दर्ज कराने की अवधि 21 जुलाई से 20 अगस्त 2026 तक रहेगी तथा मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 22 सितंबर 2026 को किया जाएगा।*

## एनसीसी में मॉडर्न स्कूल ने 7 गोल्ड जीते

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

16 हरियाणा बटालियन एनसीसी नारनौल द्वारा आयोजित 166 कैंप में मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल भोजावास के कैडेट्स ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। एनसीसी इंचार्ज दीपक कुमार ने बताया कि इस कैंप में कुल 469 कैडेट्स ने भाग लिया था। इन्हें अल्फा, ब्रावो, चार्ली, डेल्टा एवं इको पांच कंपनियों में विभाजित किया गया। मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल भोजावास से 24 कैडेट्स ने इस कैंप में सहभागिता की। कैंप के दौरान आयोजित खो-खो प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला अल्फा कंपनी एवं ब्रावो कंपनी के बीच खेला गया।

दोनों टीमों के बीच मुकाबला बराबरी पर रहा। निर्णायकों ने खेल भावना का सम्मान करते हुए दोनों टीमों को संयुक्त विजेता गोल्ड मेडल पहनाकर सम्मानित किया। ब्रावो कंपनी से कैडेट हिमांशु पुत्र भूप सिंह तथा जीवितेश पुत्र हवा सिंह ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। इसी प्रकार रितेश पुत्र वीरेंद्र सिंह अल्फा कंपनी से स्वर्ण पदक विजेता रहे। टग ऑफ वॉर प्रतियोगिता में विद्यालय के कैडेटों हिमांशु पुत्र परमजीत एवं नितिन पुत्र सुरेंद्र कुमार ने शानदार प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

स्टिक फाइटिंग गतिविधि में मयंक पुत्र राजेश कुमार ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। एनसीसी कैंप के दौरान विद्यालय के सात विद्यार्थियों के द्वारा गोल्ड मेडल प्राप्त करने पर संस्था निदेशक राजकुमार यादव, हवा सिंह यादव, प्रबंधन समिति सदस्य नवीन कुमार, मनोज कुमार, प्राचार्य अनिल कुमार, उपप्राचार्य शकुंत शहरावत, वरिष्ठ अध्यापक राम सिंह, राकेश कुमार तथा समस्त स्टाफ सदस्यों ने सभी गोल्ड मेडल विजेताओं को विशेष पुरस्कार से पुरस्कृत किया। संस्था निदेशक राजकुमार यादव ने सभी गोल्ड मेडल विजेताओं और उनके अभिभावकों को शुभकामनाएं दी।


महेंद्रगढ़। विजेताओं को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## मां का साया जीवन की सबसे बड़ी पूंजी, उनका जाना अपूरणीय क्षति



**नारनौल।** पूर्व सिंचाई मंत्री डॉ. अभय सिंह यादव ने कहा कि माता का स्थान जीवन में सर्वोच्च होता है। मां का साया सिर से उठ जाना ऐसी क्षति है, जिसकी भरपाई कभी संभव नहीं हो सकती। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय शरबती देवी ने अपने परिवार को संस्कार, सेवा और सामाजिक मूल्यों की ऐसी विरासत दी, जिसे आने वाली पीढ़ियां भी आगे बढ़ाती रहेंगी। डॉ. अभय सिंह यादव वरिष्ठ उद्योगपति एवं वरिष्ठ नेता ओमप्रकाश यादव इंजीनियर की माताश्री स्वर्गीय शरबती देवी के निधन पर आयोजित शोकसभा में श्रद्धांजलि अर्पित करने पहुंचे थे। 97 वर्ष की आयु में उनका निधन हो गया। अपने पीछे वह भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं। शोकसभा में पहुंचे लोगों ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं तथा ईश्वर से दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने की प्रार्थना की। शोकसभा में पूर्व मंत्री डॉ. अभय सिंह यादव के अलावा राजाराम जीम, रतनलाल महासर माता पुजारी, सोहन सिंह यादव सहित हजारों ग्रामीण, सामाजिक कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि एवं विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े गणमान्य लोगों ने पहुंचकर दिवंगत शरबती देवी को श्रद्धांजलि अर्पित की और शोकाकुल परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की।

## छात्रों के शैक्षणिक दबाव व अन्य तनाव को लेकर विशेष व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

आरपीएस कॉलेज ऑफ वेटरनरी सांइसेज बलाना में मशहूर मनोवैज्ञानिक एवं पटकथा लेखक डॉ. अनिल पाणीकर द्वारा तनाव प्रबंधन तथा मानसिक स्वास्थ्य पर विशेष व्याख्यान दिया गया। डॉ. पाणीकर ने बताया कि आज के समय में शिक्षा के साथ-साथ परिवार मित्र तथा अन्य बाहरी व्यक्तियों से संबंधों से लेकर युवा वर्ग बहुत तनाव में है। सोशल मीडिया के कारण यह तनाव उनके साथ हर समय रहता है। अतः मानसिक स्वास्थ्य सही रखने के लिए सबसे पहले तनाव कम करना सीखना आवश्यक है। इसके साथ-साथ परिवार, भाषा तथा व्यक्तिव को लेकर एक-दूसरे से प्रतिस्पर्धा तथा मित्रता में संतुलन बनाए रखने के लिए जेन-जी जेनरेशन को सबसे पहले मोबाईल से दूरी बनानी होगी। उनकों अपना स्क्रीन टाइम कम करके अपना समय अपने माता-पिता मित्रों तथा प्रकृति को देना होगा। डॉ. पाणीकर ने बताया कि परिवार तथा समाज के रिश्तों में तनाव के कारण स्वयं को कैसे संभाले। आज के समय में जहां दूसरों से सभी अपेक्षाएं पूरी होना संभव नहीं है। कॉलेज के रजिस्ट्रार डॉ. देवेंद्र सिह यादव ने बताया कि वर्तमान समय में छात्रों के शैक्षणिक दबाव तथा अन्य तनाव को लेकर कॉलेज द्वारा एक व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसमें डॉ. अनिल पाणीकर जो कि दृश्यम फिल्म के पटकथा लेखक भी है। व्याख्यान के अंत में वेटरनरी कॉलेज के डीन डॉ. संदीप गेरा ने डॉ. पाणीकर द्वारा कॉलेज में आने तथा छात्रों को अपने बहुमुल्य सुझाव देने के लिए धन्यवाद किया। व्याख्यान के दौरान मंत्र संचालन डॉ. कृतिका ने किया। छात्र-छात्राओं ने करियर को लेकर डॉ. पाणीकर से व्यक्तिगत रुप से भी संवाद किया।


महेंद्रगढ़। कार्यक्रम में अतिथि का स्वागत करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## पूर्व मंत्री ने गजेंद्र सिंह के निधन पर जताया शोक



**नारनौल।** पूर्व मंत्री डॉ. अभय सिंह यादव ने राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर छात्रसंघ के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय एडवोकेट गजेंद्र सिंह के निधन पर उनके निवास स्थान पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने शोकाकुल परिजनों से मिलकर अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त की तथा ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और परिवार को इस कठिन समय में संबल प्रदान करने की प्रार्थना की। इस अवसर पर पूर्व मंत्री डॉ. अभय सिंह यादव व पूर्व विधायक राव दानसिह ने कहा कि स्वर्गीय गजेंद्र सिंह एक सरल, मिलनसार और समाजहित के लिए समर्पित व्यक्तित्व थे। उन्होंने छात्र राजनीति से लेकर सामाजिक एवं कानूनी क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया। उनका असामयिक निधन समाज के लिए अपूरणीय क्षति है, जिसकी भरपाई संभव नहीं है। श्रद्धांजलि देने वालों में सेवानिवृत्त प्राचार्य चंदराम यादव, सेवानिवृत्त प्रवक्ता सीएस यादव, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष संतोष सिंह, पूर्व प्राचार्य सुमेर सिंह यादव, पूर्व मैनेजर गिरीश कनोडिया, पूर्व अध्यक्ष राजकुमार, रेवाड़ी बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष योगेश यादव व सुधीर यादव, एडवोकेट अनिल यादव, पूर्व चेयरमैन सुमेर सिंह, नगर पार्षद योगेश त्यागी आदि मौजूद थे।

## कबीर जयंती की तैयारियों में जुटें कार्यकर्ता: सुरेन्द्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

जननायक जनता पार्टी के अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अधिवक्ता सुरेन्द्र सिंह ने मंगलवार को पार्टी कार्यालय में अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ एवं पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण बैठक को संबोधित किया। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राजकुमार खातोद ने की, जबकि अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिला प्रधान महेंद्र सारदा खन्ना ने प्रदेश अध्यक्ष का पगड़ी व फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। बैठक को संबोधित करते हुए अधिवक्ता सुरेन्द्र सिंह ने कहा कि 12 जुलाई को रोहतक स्थित पार्टी कार्यालय में संत शिरोमणि कबीरदास की जयंती पूरे सम्मान और भव्यता के साथ मनाई जाएगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. अजय सिंह चौटाला करेंगे तथा मुख्य अतिथि दुष्यन्त चौटाला उपस्थित रहेंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में पहुंचकर संत कबीर के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। बैठक में कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई तथा सभी कार्यकर्ताओं से रोहतक में आयोजित होने वाले कबीर जयंती समारोह को सफल बनाने के लिए पूरी ताकत से जुटने का आह्वान किया गया।



नारनौल। प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत करते कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर बनवारीलाल कालबा, मिट्ठू चौहान, थावर सिंह, ब्रह्मानंद वाल्मीकि, शेखर, सुरेश, लीलाराम, महेंद्र सिंह बड़ेसरा, मास्टर हरचंद तोबड़ा, सारदा खन्ना, बेदू रातां, दिनेश राजपूत, अधिवक्ता विजयपाल, वीरेन्द्र घटाशेर, संदीप भांखर, माडूराम, रविंद्र बेवल, अजय यादव, जिला प्रवक्ता विजय छिलरो आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## योग दिवस पर शानदार प्रदर्शन करने वाली छात्राएं सम्मानित



**मंडी अटेली।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को पर स्वास्थ्य मंत्री आरती राव के अटेली स्थित कार्यालय में एक भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया था। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के विभिन्न लोगों ने भाग लिया वहीं गुजरवास स्थित गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्राओं ने अपनी योग प्रतिभा से सभी का मन मोह लिया। छात्राओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन को देखते हुए मंगलवार को स्कूल परिसर में एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान छात्राएं रिया, शगुन, आरजू, अभी और महक को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में स्कूल प्रिंसिपल रोशन लाल ने छात्राओं की सराहना करते हुए कहा कि यह विद्यालय के लिए गर्व की बात है कि उनकी छात्राएं इस प्रकार के आयोजनों में बेहतर प्रदर्शन कर रही हैं। सरपंच प्रतिनिधि सीएस वर्मा ने भी बच्चों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

### राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल शरण गर्ग व राष्ट्रीय महामंत्री सुरेंद्र चौधरी ने सौंपा नियुक्ति पत्र

# अखिल भारतीय उद्योग व्यापार सुरक्षा मंच के जिला प्रधान नियुक्त हुए संजय गर्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

अखिल भारतीय उद्योग व्यापार सुरक्षा मंच का जिला महेंद्रगढ़ का अध्यक्ष पद संजय गर्ग को नियुक्त किया है। संजय गर्ग कई संस्थाओं के साथ जुड़े रहे हैं तथा जिला व्यापार मंडल के शहरी प्रधान होने के नाते उन्होंने व्यापारियों के हितों के लिए काफी काम किया है। अब उन्हें अखिल भारतीय उद्योग व्यापार सुरक्षा मंच के जिला प्रधान का दायित्व सौंपा गया है

इस अवसर पर राष्ट्रीय महामंत्री सुरेंद्र चौधरी ने कहा कि आज व्यापारी को व्यापार में काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि विदेशी कंपनियों के आगमन से ऑनलाइन व्यापार के माध्यम से आज व्यापारी भाइयों के पास धीरे-धीरे काम काम होता जा रहा है। उन्होंने विश्वास जाहिर किया कि व्यापारियों की जो भी समस्याएं हैं, उन्हें भाई संजय गर्ग अच्छे ढंग से अधिकारयों के समक्ष रखेंगे।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल शरण गर्ग के नेतृत्व में उद्योग व्यापार सुरक्षा मंच एक छोटे व्यापारी से लेकर बड़े से बड़े उद्योगपति तक उनकी समस्याओं व व्यापार में आने वाले व्यवधानों को सदैव दूर करने के लिए तत्पर रहेगा। इस मौके पर सतीश गर्ग, विकास शर्मा व अन्य व्यापारी नेता उपस्थित रहे।

**व्यापारियों के हितों के लिए हमेशा तैयार रहेंगे: गर्ग**



नवनियुक्त जिला प्रधान संजय गर्ग ने आभार प्रकट करते हुए विश्वास दिलाया कि वो व्यापारियों के हितों के लिए हमेशा तैयार रहेंगे और उनकी समस्याओं को हल कराने में कभी पीछे नहीं हटेंगे। उन्होंने कहा कि वे शीघ्र ही राष्ट्रीय पदाधिकारी से मिलकर जिला कार्यकारिणी का गठन करेंगे तथा महेंद्रगढ़, कनीना, अटेली, नांगल चौधरी व सतनाली में भी व्यापारी भाइयों को व्यापारी सुरक्षा मंच से जोड़ेंगे। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार सुरक्षा मंच जैसी राष्ट्रीय संस्था के साथ जुड़कर हर व्यापारी अपने आपको गौरवांवित महसूस करेगा।

## अटेली रेलवे स्टेशन पर वरिष्ठ नागरिकों ने मनाया वन महोत्सव

**अटेली मंडी।** पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए अटेली मंडी के वरिष्ठ नागरिकों ने रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर दो पर वन महोत्सव का आयोजन कर हरियाली का अनूठा उदाहरण पेश किया। एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में पौधारोपण कर लोगों को प्रकृति के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के प्रवक्ता विजय कुमार ने कहा कि केवल पेड़ लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उसकी नियमित देखभाल करना भी हम सभी की जिम्मेदारी है। इनमें सुगनचंद सैनी, पार्षद वीरेंद्र कुमार, पार्षद परमेश्वर दयाल अग्रवाल, अनिल कुमार गुप्ता, अजय कुमार सत्यवीर यादव, हीरालाल, प्राचार्य नेमी चंद गुप्ता, आरके टेलर, किशन सैनी, ऋषि राज वैद्य, बिल्लू गोयल और लवेश शर्मा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की खास बात यह रही कि मदनलाल गुप्ता ने अपनी धर्मपत्नी कौशल्या देवी के नाम पर एक पौधा लगाया। साथ ही उन्होंने यात्रियों की सुविधा के लिए स्टेशन पर एक सीमेंट की बेंच भी भेंट की, जिसकी सभी ने सराहना की।

## कोर कमेटी की बैठक में लिए समाजहित में निर्णय

**नारनौल।** अग्रवाल वैश्य समाज जिला इकाई की कोर कमेटी की बैठक आयोजित हुई। जिसमें उपस्थित पदाधिकारियों व सदस्यों ने समाजहित में महत्वपूर्ण निर्णय लिए। बैठक में निर्णय लिया गया कि अग्रवाल वैश्य समाज द्वारा जल्द ही रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर का उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों की मदद करना और समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाना है। इसके साथ ही अग्रवाल वैश्य समाज के नाम से एक निःशुल्क मैरिज ब्यूरो भी बनाया गया। यह ब्यूरो अग्रवाल समाज के युवक-युवतियों के रिश्ते करवाने में निःशुल्क मदद करेगा। मैरिज ब्यूरो के सदस्य सीताराम सर्राफ, तुलसी गोयल, मोहित जिंदल, सुमित अग्रवाल, कृष्ण गोयल को मनोनीत किया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष संदीप नूनीवाला ने कहा कि आज के समय में समाज में बच्चों के रिश्ते नहीं होना एक गंभीर समस्या बन गया है। समस्या को देखते हुए अग्रवाल वैश्य समाज में एक पहल की है, ताकि बच्चों के रिश्ते इस प्लेटफार्म के माध्यम से करवाए जा सके। समाज की एकता और युवाओं के भविष्य को ध्यान में रखते हुए ऐसे सामाजिक कार्य लगातार किए जाएंगे। बैठक में अग्रवाल वैश्य समाज के प्रदेश युवा वरिष्ठ उपाध्यक्ष रवि गर्ग, जिला महासचिव जगमोहन गर्ग, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष सीताराम सर्राफ, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश अग्रवाल काश्मीर, जिला उपाध्यक्ष तुलसी गोयल, जिला उपाध्यक्ष मोहित जिंदल आदि मौजूद थे।



# मात्र 200 के बैलेंस से खुलेगा खाता, सीधे घर पहुंचेंगे देश-विदेश के दुर्लभ डाक टिकट

- छह जसे 18 जुलाई तक चलेगा विशेष अभियान, विद्यार्थियों को मिलेगा ज्ञानवर्धन और स्कॉलरशिप का मौका
- नारनौल प्रधान डाकघर द्वारा स्कूलों में चलाया जाएगा विशेष फिलाटेली अभियान
- छह हजार की वार्षिक स्कॉलरशिप (स्पर्श योजना) का मिलेगा रास्ता, कोई आयु सीमा नहीं, शिक्षक भी उठा सकते हैं लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

क्षेत्र के विद्यार्थियों और आम जनता में डाक टिकट संग्रह (फिलाटेली) की हॉबी को बढ़ावा देने और इसके लाभों से अवगत कराने के लिए छह से 18 जुलाई तक एक विशेष 'फिलाटेली ड्राइव' का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में नारनौल प्रधान डाकघर के जनसंपर्क निरीक्षक हिम्मत सिंह ने बताया कि डाक टिकट केवल पत्र पर लगाने वाला कागज का टुकड़ा नहीं है, बल्कि यह ज्ञान की अनूठी खिड़की है जो बच्चों को देश-विदेश के इतिहास, कला, विज्ञान, संस्कृति और महान विभूतियों से रूबरू कराती है। इसी उद्देश्य के साथ डाक विभाग इस विशेष अवधि में क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों और शैक्षणिक संस्थानों में जाकर जागरूकता गतिविधियों का आयोजन करेगा और विद्यार्थियों को विभाग की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ेगा।




### 6 हजार की वार्षिक स्कॉलरशिप का मिलेगा रास्ता

डाक विभाग की ओर से कक्षा छठीं से नौवीं तक के मेधावी छात्रों के लिए दीन दयाल स्पर्श छात्रवृत्ति योजना चलाई जाती है, जिसके तहत पात्र छात्रों को छह हजार वार्षिक की स्कॉलरशिप दी जाती है। इस राष्ट्रीय स्कॉलरशिप परीक्षा में बैठने के लिए छात्र का फिलाटेली डिपॉजिट अकाउंट (पीडीए) होना अनिवार्य योग्यता है।

### 200 के बैलेंस में मिलेंगे बेहतरीन लाभ और मुफ्त डिलीवरी

इस अभियान के तहत खुलने वाला फिलाटेली डिपॉजिट अकाउंट (पीडीए) मात्र 200 की न्यूनतम राशि से शुरू किया जा सकता है। यह राशि किसी प्रकार की फीस नहीं है, बल्कि खाताधारक के खाते में बैलेंस के रूप में ही जमा रहती है। इस खाते के खुलने के बाद डाक विभाग द्वारा जब भी कोई नया विशेष डाक टिकट, फर्स्ट डे कवर (एफडीसी) या ज्ञानवर्धक सूचना पत्रक जारी किया जाएगा, वह सीधे खाताधारक के घर के पते पर बिना किसी अतिरिक्त डाक शुल्क (फ्री डिलीवरी) के भेज दिया जाएगा। इसके लिए बच्चों को बार-बार डाकघर आने की आवश्यकता नहीं होगी। खाता खुलने पर प्रत्येक बच्चे को एक आधिकारिक पासबुक भी प्रदान की जाएगी।

### कोई आयु सीमा नहीं, शिक्षक भी उठा सकते हैं लाभ

कार्यालय द्वारा बताया गया कि इस योजना से जुड़ने के लिए कोई अधिकतम आयु सीमा निर्धारित नहीं है। स्कूल के कक्षा पहली से 12वीं तक के सभी विद्यार्थियों के साथ-साथ सभी शिक्षक और आम नागरिक भी इस मुहिम का हिस्सा बनकर अपना खाता खुलवा सकते हैं। इसके अलावा स्कूल प्रशासन अपने विद्यालय के लोगो या भव्य इमारत की तस्वीर के साथ कस्टमाइज्ड 'माई स्टैम्प' भी बुक करवा सकते हैं, जो एक ऐतिहासिक स्मृति चिन्ह साबित होगा।

# हरियाणा केन्द्रीय विवि में स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ

- सात से 17 जुलाई तक होंगे ऑनलाइन पंजीकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए विभिन्न स्नातक यूजी पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। इच्छुक अभ्यर्थी सात से 17 जुलाई तक विश्वविद्यालय के समर्थ पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। विश्वविद्यालय इस वर्ष बीएससी ऑनर्स मनोविज्ञान, बीवोक बायोमेडिकल साइंसेज, बीवोक इंडस्ट्रियल वेस्ट मैनेजमेंट, बीवोक रिटेल एंड लॉजिस्टिक्स मैनेजमेंट तथा इंटीग्रेटेड बीएससी-एमएससी रसायन विज्ञान, गणित एवं भौतिकी जैसे कुल 315 सीटों पर रोजगारोन्मुख एवं बहुविषयक पाठ्यक्रम में प्रवेश प्रदान कर रहा है। इसके अतिरिक्त बीटेक, आईटीईपी बीए-बीएड तथा बीबीए सहित अन्य स्नातक कार्यक्रम की प्रवेश प्रक्रिया अलग से अधिसूचित की जा चुकी है।



### समय रहते अपना पंजीकरण पूर्ण करें अभ्यर्थी

कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि एनआईआरएफ-2025 में हरियाणा के केंद्रीय विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान तथा राष्ट्रीय स्तर पर 44वां स्थान प्राप्त हुआ है। इसके अतिरिक्त विश्वविद्यालय टाइम्स हायर एजुकेशन दवर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2026 में 1001-1200 वैश्विक बैंड, क्यूएस एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2026 में 1001-1100 बैंड, दइंटरडिसिप्लिनरी साइंस रैंकिंग 2026 में 301-350 बैंड तथा एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2026 में 501-600 बैंड में स्थान प्राप्त कर चुका है। नोडल अधिकारी डॉ. तेजपाल ढेवाने बताया कि स्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया सात से प्रारंभ हो चुकी है, जो 17 जुलाई 2026 तक चलेगी। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे अंतिम तिथि की प्रतीक्षा किए बिना समय रहते अपना पंजीकरण पूर्ण करें।

## खबर संक्षेप

### अनियंत्रित होकर स्कूल बस गड्ढे में उतरी

**नारनौल।** शहर के एक प्राइवेट स्कूल की बस बच्चों को स्कूल ले जाते समय अनियंत्रित होकर सड़क से गड्ढे में उतर गई। गड्ढे में पलटने से बच गई। इस कारण बस में बैठे करीब 50 विद्यार्थियों सहित शिक्षक व चालक बाल-बाल बच गए। घटना के आस पास रहने वाले लोगों ने विद्यार्थियों को संभाल लिया। शहर के कुलताजपुर रोड पर स्थित एक प्राइवेट स्कूल की बस बच्चों को लेकर स्कूल जा रही थी। नहर के पार सिंघाना रोड की ओर हीरानगर कॉलोनी में विद्यार्थियों को लेने के बाद ड्राइवर ने बस को चलाया तो बस सड़क से उतर गई।

### एसआईआर कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश

**महेंद्रगढ़।** विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचन पंजीयन अधिकारी एवं एसडीएम योगेश सैनी ने मंगलवार को अपने कार्यालय में सुपरवाइजर, बीएलओ व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर एसआईआर कार्य की समीक्षा की तथा एसआईआर कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। एसडीएम ने सुपरवाइजर व बीएलओ को निर्देश दिए कि एसआईआर से जुड़े सभी कार्यों को निर्धारित समय सीमा के भीतर हर हाल में पूरा किया जाए। महत्वपूर्ण प्रशासनिक कार्य में किसी भी स्तर पर ढिलाई या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।


नारनौल। मीटिंग करते नगर परिषद के सफाई कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

# वादाखिलाफी के विरोध में जुटेंगे कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर नौ जुलाई को नगर परिषद परिसर में जिला स्तरीय महारैली आयोजित की जाएगी। रैली की अध्यक्षता जिला प्रधान राहुल सारवन करेंगे। कर्मचारी नेताओं का कहना है कि सरकार द्वारा गत 13 मई को हुए समझौते को अब तक लागू नहीं किए जाने और पूर्व में की गई घोषणाओं को पूरा न करने के विरोध में यह महारैली आयोजित की जा रही है। जिला प्रधान राहुल सारवन ने बताया कि 13 मई 2026 को हरियाणा भवन, चंडीगढ़ में विभागीय मंत्री विपुल गोयल, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव आरके खुल्लर, विभागीय अधिकारियों तथा कर्मचारी राज्य कमेटी के बीच करीब छह घंटे तक वार्ता हुई थी। वार्ता के दौरान कर्मचारियों के मांग-पत्र पर सहमति बनी थी और सरकार ने 30 जून तक संबंधित परिपत्र जारी करने का ठोस आश्वासन दिया था, लेकिन तय समय सीमा बीत जाने के बावजूद अब तक किसी भी मांग पर अमल नहीं किया गया है। इससे कर्मचारियों में सरकार के प्रति गहरा रोष है। उन्होंने बताया कि राज्य कमेटी ने इसी नाराजगी के चलते प्रदेशभर के नगर निगमों, नगर परिषदों और नगर पालिकाओं में जिला स्तरीय महारैलियां आयोजित करने का निर्णय लिया है।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर नगर पालिका कर्मचारी संघ के इकाई प्रधान भूपेंद्र सारवन के अलावा इकाई सचिव महेंद्र दायमा, सर्व कर्मचारी संघ जिला महेंद्रगढ़ के प्रधान कौशल कुमार यादव, भीमसिंह, महावीर प्रसाद, निरंजन लाल, सुनील बोयत, मनोज बोयत, कृष्ण केडी, लखन, युवराज, रमाकांत, नरेश कुमार और आशु सहित अन्य कर्मचारी नेता मौजूद रहे।

# कनीना-महेंद्रगढ़ स्टेट हाइवे 18 किमी लंबे मार्ग में 24 स्पीड ब्रेकर, चालक परेशान

## जनता के दबाव में आकर बनाए गए स्पीड ब्रेकर आमजन पर ही पड़ रहे भारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कनीना

साढ़े सात मीटर चौड़ा कनीना-महेंद्रगढ़ मार्ग कहने को स्टेट हाइवे है, जिस पर यातायात दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है, लेकिन अत्यधिक स्पीड ब्रेकर होने की वजह से इस पर वाहनों की गति लिंक मार्ग से भी बदतर है। हालांकि इस मार्ग के फोरलेन की अहम आवश्यकता है। महज 18 किलोमीटर लंबे इस मार्ग में आने वाले करीब आधा दर्जनभर गांवों के बस स्टैंड के समीप 24 स्पीड ब्रेकर बने हुए हैं। जिससे इस पर सफर करना अब सुगम नहीं, बल्कि बहुत दुर्गम है। लोक निर्माण विभाग की ओर से खंडित हो रहे इस हाईवे पर स्पीड ब्रेकरों का जाल बिछाया हुआ है। नियमों को ताक पर रखकर बनाए गए ये ऊंचे-ऊंचे ब्रेकर वाहनों को नुकसान तो पहुंचा ही रहे हैं, साथ ही सड़क हादसों को भी न्योता दे रहे हैं। दूसरी ओर इस हाईवे की सबसे दर्दनाक तस्वीर आपातकालीन स्थिति में देखने को मिलती है। एंबुलेंस चालकों का कहना है कि गंभीर मरीजों या सड़क दुर्घटना में घायल लोगों के लिए शुरूआती एक घंटा, गोल्डन ऑवर होता है, जो उनके जीवन के लिए बेहद कीमती होता है, जिसमें मरीज की जान बचाई जा सकती है, लेकिन इन अनगिनत और अवैध स्पीड ब्रेकरों के कारण एंबुलेंस अपनी सामान्य रफ्तार भी नहीं पकड़ पाती। हिचकोले खाती एंबुलेंस में तड़पते मरीजों को लेकर स्पीड ब्रेकर के जाल में उलझ जाती है। लिहाजा रास्ते में ही मरीज की जान चली जाती है। अस्पताल में पहुंचने पर मरीज द्वारा रास्ते में ही दम तोड़ने की बात कही जाती है।




कनीना। कनीना-महेंद्रगढ़ स्टेट हाइवे पर बने स्पीड ब्रेकर को पार करता बाइक चालक तथा उन्हाणी के समीप सड़क बंद कर किया जा रहा नहरी पुल बनाने का कार्य।

### सड़क मरम्मत की मांग

वहीं रामपुरी डिस्ट्रीब्यूटरी के लीकेज साइफन से उन्हाणी गांव के समीप का करीब 200 मीटर का सड़क मार्ग पिछले लंबे समय से पूरी तरह खंडित पड़ा हुआ था। जहां हाल ही में पुल का निर्माण कार्य शुरू किया गया है। नहर विभाग की ओर से करीब पौने दो करोड़ की लागत से यह कार्य अक्टूबर माह के अंत तक पूरा होने की संभावना है। तब तक वाहन वैकल्पिक मार्गों से गुजरते रहेंगे। बता दें कि इस खंडित सड़क मार्ग पर सालभर पूर्व घटित हुए हादसे में एक साथ चार नौजवान युवाओं की जान चली गई थी। विभाग के अधिकारियों ने यहां पर सड़क निर्माण करने की बजाय सड़क के दोनों ओर स्पीड ब्रेकर बनवा दिए थे। वाहन चालकों सतबीर सिंह, सुनील कुमार, राजीव, विजय कुमार, अमित कुमार ने कहा कि यह स्टेट हाईवे अब विकास की नहीं, बल्कि प्रशासन की ओर से किए जा रहे दावों की पोल खोल रहा है। उन्होंने शीघ्र ही स्पीड ब्रेकरों को हटाकर सड़क की मरम्मत की मांग की है।

### ग्रामीणों की मांग पर बनाए गए स्पीड ब्रेकर

इस बारे में लोक निर्माण विभाग के एक्सईएन अश्वनी कुमार का कहना है कि स्टेट हाईवे पर स्पीड ब्रेकर को प्रोविजन नहीं है, लेकिन इस स्टेट हाईवे नंबर 24 पर सम्बंधित ग्रामीणों की मांग पर स्पीड ब्रेकर बनाए गए हैं। इनके आस-पास यदा-कदा घटित सड़क दुर्घटना को लेकर प्रोटेस्ट करते लोगों की ओर से यहीं कहा जाता रहा है कि स्पीड ब्रेकर होता, तो सड़क हादसा बच सकता था।

# हरियाणा की प्रतियोगी परीक्षा में गूंजा भारती सैनी का नाम

- महिला आयोग की सदस्यता पर पूछा गया सवाल
- नई नियुक्तियों पर आधारित प्रश्नों को मिल रही प्राथमिकता, अभ्यर्थियों के लिए समसामयिक घटनाओं का अध्ययन हुआ और भी महत्वपूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

हरियाणा की प्रतियोगी परीक्षाओं में समसामयिक घटनाओं और नई सरकारी नियुक्तियों को लगातार महत्व दिया जा रहा है। इसी कड़ी में हाल ही में आयोजित डिप्टी एडिशनल अटॉर्नी परीक्षा में हरियाणा राज्य महिला आयोग के सदस्यों से संबंधित प्रश्न पूछा गया, जिसमें भारती सैनी का नाम भी शामिल था। इससे परीक्षार्थियों के बीच भारती सैनी की नियुक्ति चर्चा का विषय बन गई। प्रश्न संख्या 34 में अभ्यर्थियों से पूछा गया कि हाल ही में हरियाणा राज्य महिला आयोग के सदस्य के रूप में किन व्यक्तियों को नामित किया गया है। प्रश्न में डॉ. अनुकम्पा गर्ग, सुनीता चौहान, भारती सैनी और दीपिका खन्ना के नाम विकल्प के रूप में दिए गए थे। गौरतलब है कि हरियाणा सरकार ने जून 2026 में महिला आयोग के पुनर्गठन के तहत भारती सैनी को महिला आयोग का सदस्य नियुक्त किया था। उनके साथ डॉ. अनुकम्पा गर्ग, सुनीता चौहान, सुनीता लोहचाब और सुमन सहज़ादवाला को भी सदस्य बनाया गया था। बाद में उषा प्रियदर्शिनी को आयोग की अध्यक्ष नियुक्त किया गया। प्रतियोगी परीक्षाओं के विशेषज्ञों का मानना है कि हरियाणा सरकार की नई नियुक्तियां, आयोग, बोर्ड और समसामयिक घटनाएं अब परीक्षाओं का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुकी हैं। ऐसे में अभ्यर्थियों को राज्य की ताज़ा प्रशासनिक नियुक्तियों पर विशेष ध्यान देना चाहिए।




महेंद्रगढ़। ग्रामीणों को जानकारी देते अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### मोबाइल नेटवर्क का किया निरीक्षण

*महेंद्रगढ़। भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) रेवाड़ी की ओर से जिला के गांव सुरहेती पिलानिया में मोबाइल नेटवर्क की गुणवत्ता का निरीक्षण करने के साथ-साथ ग्रामीण भारत फाइबर जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। बीएसएनएल रेवाड़ी के महाप्रबंधक पूरन चंद ने दूरसंचार सलाहकार समिति के सदस्य राम निवास के साथ गांव का दौरा कर मोबाइल नेटवर्क की स्थिति का स्थलीय निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने ग्राम सरपंच और ग्रामीणों से संवाद कर मोबाइल नेटवर्क से जुड़ी समस्याओं एवं सुझावों को गंभीरता से सुना तथा उनके शीघ्र समाधान का भरोसा दिलाया। बीएसएनएल की ग्रामीण भारत फाइबर (एफटीटीएच) की 259 रुपये प्रतिमाह वाली योजना की जानकारी दी गई। ग्रामीणों को बताया गया कि घर में वाई-फाई कनेक्शन लगवाकर एक ही इंटरनेट कनेक्शन से मोबाइल फोन, लैपटॉप, स्मार्ट टीवी, कंप्यूटर सहित अन्य डिजिटल उपकरणों का आसानी से उपयोग किया जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान बीएसएनएल सिम मेला भी लगाया गया, जिसमें ग्रामीणों को नई सिम, मोबाइल योजनाओं तथा दूसरे नेटवर्क से अपना नंबर बीएसएनएल में स्थानांतरित (पोर्ट-इन) कराने की सुविधा की जानकारी दी गई।*

### अटेली अस्पताल में अब स्थाई एसएमओ



**मंडी अटेली।** सामुदायिक अस्पताल में मंगलवार को स्थाई एसएमओ डा. अशोक कुमार ने कार्यभार संभाल लिया है। पहले ही दिन उन्होंने अस्पताल के चिकित्सकों एवं कर्मियों की बैठक लेकर मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा के निर्देश दिये। एसएमओ डा. अशोक कुमार के पास लंबा चिकित्सा का अनुभव है। ये लंबे समय तक रेवाड़ी में डिप्टी सीएमओ के पद पर अपनी उल्लेखनीय सेवाएं दे चुके हैं। उन्होंने कहा कि अस्पताल में किए जा रहे सुधारों को आगे बढ़ाया जाएगा। स्वास्थ्य मंत्री द्वारा मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया करवाने की वचनबद्धता को विशेष ध्यान में रखा जाएगा। सभी स्वास्थ्य कर्मी अपनी ड्यूटी का पालन करें। कोताही करने वालों के खिलाफ मजबूरीवश नियमानुसार कार्यवाही करनी पड़ेगी।

# सस्ती जमीन का लालच देकर 9.80 लाख की ठगी, आरोपित गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

सस्ती जमीन दिखाने का झांसा देकर सेवानिवृत्त अध्यापक से नौ लाख 80 हजार की ठगी हो गई। थाना साइबर क्राइम पुलिस ने इस मामले में एक आरोपित सोनू निवासी तिहाड़पुर अलवर को गिरफ्तार किया है। सेवानिवृत्त अध्यापक यादराम निवासी गांव लहरोदा ने शिकायत दी कि उनके पास एक व्यक्ति का फोन आया, जिसने उन्हें राजस्थान के नौगांव (जिला अलवर) में सस्ती कीमत पर जमीन बेचने का लालच दिया। शुरुआत में उन्होंने मना कर दिया, लेकिन बार-बार फोन कर जमीन स्वयं आकर देखने का आग्रह किए जाने पर वह जमीन देखने के लिए नौगांव चले गए। शिकायतकर्ता के अनुसार निर्धारित स्थान पर पहुंचने के कुछ समय बाद चार युवक वहां आए और उनके साथ मारपीट की। आरोपितों ने उनका मोबाइल फोन छीन लिया तथा मोबाइल का पासवर्ड व ओटीपी प्राप्त कर उनके बैंक खाते से 1,20,000 अपने खाते में ट्रांसफर कर लिए।


नारनौल। पुलिस गिरफ्त में आरोपित।

### दुकान में लगा एसी व 3 घरों से 5 गैस सिलेंडर चोरी

**नारनौल।** शहर में चोरों ने दो अलग-अलग जगह चोरी कर एक दुकान में लगा हुआ एसी व तीन घरों से पांच रसोई गैस सिलेंडर चुरा लिए। इस बारे में पीड़ितों ने पुलिस में शिकायत की है। शिकायत मिलने के बाद एसी चोरी का मामला दर्ज कर लिया है। वहीं दूसरे की जांच की जा रही है। पुलिस को दी गई शिकायत में गांव कोजिंदा के वकील आशीष राव ने पुलिस में दी शिकायत में बताया कि उसने बहरोड़ रोड पर दयाल कॉलोनी में एक प्लाट लिया हुआ है। बीते दिनों उसके पिता दुकानों को अच्छे से बंद करके घर आए थे। अगले दिन सुबह जब वे प्लाट में गए तो देखा कि दुकान का ताला टूटा हुआ है। जांच करने पर पाया कि दुकान में लगा हुआ एक स्पिलिट एसी गायब है। इस पर उन्होंने पुलिस को फोन कर इसकी सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच करने के बाद मामला दर्ज कर लिया। वहीं दूसरी ओर बीती रात गांव नीरपुर से अज्ञात चोर तीन घरों से पांच रसोई गैस सिलेंडर चुरा ले गए।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुड्डा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डेंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295738500, 9253681005

**निरीक्षण** | महिला आयोग महिलाओं के अधिकारों के संरक्षण के लिए प्रतिबद्धः मीना परमार

# हरियाणा महिला आयोग की वाइस चेयरमैन ने जेल अस्पताल और महिला थाना का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

हरियाणा राज्य महिला आयोग की वाइस चेयरमैन मीना परमार ने मंगलवार को क्षेत्र का दौरा कर विभिन्न संस्थानों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आयोग प्रदेश की महिलाओं के अधिकारों के संरक्षण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और उनके दरवाजे पीड़ितों के लिए चौबीसों घंटे खुले हैं। सबसे पहले उन्होंने जिला जेल का निरीक्षण कर महिला बंदियों से मुलाकात की और उनकी समस्याएं सुनी। इसके बाद वह नागरिक अस्पताल पहुंची, जहां महिला वार्डों में जाकर मरीजों का हाल-चाल जाना और सरकार की ओर से दी जा रही चिकित्सा सुविधाओं का बारीकी से जायजा लेते हुए महिलाओं से सीधा संवाद किया। इसके बाद वाइस चेयरमैन ने लघु सचिवालय के पुराने भवन में भूतल पर स्थित वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण किया और वहां संकटग्रस्त महिलाओं को दी जा रही विभिन्न आश्रय व परामर्श सुविधाओं का जायजा लिया। इसके बाद उन्होंने महिला पुलिस थाने का निरीक्षण किया। यहां सुरक्षा प्रबंधों और शिकायतों के निवारण की स्थिति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



नारनौल। अस्पताल में मरीजों से हाल-चाल जानती वाइस चेयरमैन मीना परमार तथा महिला थाना में रजिस्टर चेक करती वाइस चेयरमैन मीना परमार। फोटो : हरिभूमि

### महिला की समस्या का प्राथमिकता से हो समाधान

उन्होंने पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को हिदायत दी कि आयोग के समक्ष आने वाली हर महिला की समस्या का पूरी संवेदनशीलता और प्राथमिकता के साथ त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए। वाइस चेयरमैन ने महिला सुरक्षा और कल्याण से जुड़े अधिकारियों की जवाबदेही तय करने पर जोर दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि महिला थानों और वन स्टॉप सेंटर जैसे संवेदनशील स्थानों पर आने वाली पीड़ित महिलाओं को किसी भी प्रकार की दिक्कत का सामना न करना पड़े। इस मौके पर जेल अधीक्षक संजय बांगड़, सीएमओ डॉ. अशोक कुमार, महिला थाना एसएचओ मंजूशा, संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी सरिता शर्मा, वन स्टॉप सेंटर की प्रशासक वंदना यादव के अलावा अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।